Topic 30

# कमु कान्तौ आत्मनेपदी भ्वादिगण ।

कमेर्णिङ् ।

स्वार्थे । ङित्वात् तङ् – कामयते ।

अयामन्ताल्वाय्येत्न्विष्णुषु ।

आम् अन्त आलु आय्य इत्नु इष्णु एषु णेरयादेशः स्यात् । कामयाञ्चक्रे । आयादय इति णिङ् वा । चकमे, चकमाते, चकमिरे । चकमिषे, चकमाथे, चकमिध्वे । चकमे । चकमिवहे, चकमिमहे । कामयिता, कमिता । कामयितासे । कामयिष्यते, कमिष्यते । कामयताम् । अकामयत । कामयेत । कामयिषीष्ट ।

आम्, अन्त, आलु, आय्य, इत्नु और इष्णु प्रत्ययों के परे होने पर 'णि' के स्थान 'अय्' आदेश होता है। यह सूत्र 'णेरनिटि' से प्राप्त 'णि' लोप का बाधक है। उदाहरण के लिए 'कामि' धातु से लिट् तथा आम् होकर 'कामि आम् लिट्' रूप होने पर प्रकृत सूत्र से णिङ् इकार के स्थान पर 'अय्' होकर काम् अय् आम् लिट् = 'कामयाम् लिट्' रूप बनेगा। इस स्थिति में प्रथमपुरुष एकवचन की विवक्षा में 'त' प्रत्यय आदि होकर 'कामयाञ्चक्रे' रूप बनता है। इसके अतिरिक्त 'अन्त' प्रत्यय परे होने का उदाहरण 'गण्डयन्तः' में 'आलु' परे होने का 'स्पृहयालुः' में 'आय्य' परे होने का 'स्पृहयाय्यः' में 'इत्नु' परे होने का 'स्तनयित्नुः' में तथा 'इष्णु' परे होने का उदाहरण 'पारयिष्णवः' में मिलता है।

विभाषेट:

इणः परो य इट् ततः परेषां षीध्वंलुङ्लिटां धस्य वा ढः स्यात्। कामयिषीढ्वम्, ~~कामयिषी~~ कामयिषीध्वम्। कमिषीढ्वम्, कमिषीध्वम्।

णि-श्रि-द्रु-स्रुभ्यः कर्तरि चङ्।

णेरनिटि।

अनिडादावार्धधातुके परे णेर्लोपः स्यात्